भर्ती हेतु सूचना

सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, आपको स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध क्षेत्र के लोगों की टीम के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिका एवं दायित्वः

मुद्दा और जोखिम प्रबंध करनाः

- संगठन के लिए आईटी नीति और सर्वोत्तम कार्य संचालन दिशानिर्देश तैयार करना और उनका कार्यान्वयन करना।
- परियोजनाओं के बीच निर्भरता की देखरेख करना।
- आवश्यकतानुसार एनआईसी या अन्य वेंडरों के साथ संपर्क/समन्वय करना।
- एनएचएसआरसी में लैन और ईपीबीएएक्स का पर्यवेक्षण करना।

प्रगति की निगरानी करना :

- सूचना प्रौद्योगिकी और एप्लीकेशन्स प्रणालियों की देखरेख करना।
- प्रणालियों, नीतियों और प्रक्रियाओं का डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और समन्वयकरना।
- सिस्टम अपडेट, अपग्रेड, माइग्रेशन और आउटेज सहित प्रमुख आईटी परियोजनाओं के लिए समय सीमा का आकलन और निर्धारण करना।
- फाइल प्रबंधन और मूवमेन्ट।
- एएमसी और संपर्क प्रबंधन।
- समय पर बीमा और गारंटी/वारंटी की स्थिति और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए जिम्मेदार।
- आईटी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जारी करना।
- बुनियादी ढांचे के कार्य–निष्पादन की निगरानी और अनुकूलन करना और बैकअप प्रबंध करना।
- लागत बचत और सेवा सुधार प्रयासों की पहचान करना और उन्हें उपलब्ध कराना।

रिपोर्टिंग और प्रलेखनः

- प्रोग्राम डाकूमेन्टेशन का रखरखाव करना, जिसमें सभी योजनाएं, समय सीमा और सार शामिल हैं।
- कार्यकारी निदेशक/प्रधान प्रशासनिक अधिकारी/एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- बीटेक (आईटी/कंप्यूटर)/बीई (आईटी/कंप्यूटर) स्नातक/एमसीए
- आईटी सपोर्ट सर्विस/नेटवर्क प्रबंध में योग्यता उपरांत 6 वर्षों का कार्य अनुभव
- अंग्रेजी/हिंदी में अच्छा मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु : अधिकतम 45 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करनेकोइच्छुक

परामर्शी शुल्क सीमाः 60,000/– रु. से 1,20,000/– रु. के बीच

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।*

- इस साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को एनएचएसआरसी में समान दक्षता वाले और उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड की गई भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदनपत्र को **01 अक्टूबर, 2020 तक** **recruitments.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में या प्रभावित करने की भावना से किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।